नैक **(NAAC)** द्वारा **'A'** ग्रेड प्राप्त

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

**(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)**

***(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)***

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

## हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का श्रम संस्कार शिविर प्रारंभ

वर्धा, दि. 20 फरवरी 2020 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में श्रम संस्कार शिविर का




प्रारंभ किया गया। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. चंद्रकांत रागीट और महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने गांधी हिल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शिविर का प्रारंभ किया। यह शिविर सात दिन तक चलेगा जिसमें जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के लिए काम किया जाएगा।

शिविर में शामिल स्वयंसेवक विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर में जल संरक्षण के लिए बांध बनाने का कार्य पहले ही दिन से शुरू किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के




कार्यक्रम अधिकारी बी. एस. मिरगे, समाजकार्य विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. शिव सिंह




बघेल, अश्विन श्रीवास सहित विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए।